मुख्यालय
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
Employees' State Insurance Corporation
पंचदीप भवन, नई दिल्ली -110002

संख्या: ई-13/12/10/2018-ज°स° दिनाक: 03.05.2018

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 03.05.2018 को ई. एस. आई. अस्पताल, रायगढ़ का शिलान्यास

डॉ रमन सिंह**,** माननीय मुख्यमंत्री**,** छत्तीसगढ़**,** श्री संतोष कुमार गंगवार**,** माननीय श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**,** भारत सरकार व श्री विष्णु देव साय, माननीय इस्पात राज्य मंत्री, भारत सरकार द्वारा आज दिनाक: 03 मई**,** 2018 को 100 बिस्तरों वाले ई एस आई अस्पताल**,** रायगढ़ का शिलान्यास किया गया।
इस सुअवसर पर माननीय मुख्यमंत्री, माननीय श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**,** भारत सरकार व माननीय इस्पात राज्य मंत्री, भारत सरकार द्वारा राज्य सरकार के विभिन्न विकासकार्यो के स्टाल का अवलोकन किया गया तथा श्रमिको को मुख्यमंत्री सहायता योजना के तहत ई-रिक्शा, सिलाई मशीन, महिला साईकिल, स्वास्थ्य स्मार्ट कार्ड, सुरक्षा किट के साथ साथ नौनिहाल छात्रवृति योजना, कन्या विवाह योजना के तहत हितग्राहियो को राशि के रूप में चेक इत्यादि का भी वितरण किया गया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री ने रायगढ़ क्षेत्र में १०० बिस्तर वाले इ एस आई अस्पताल का निर्माण करवाने के लिए माननीय केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री एवं इस्पात राज्य मंत्री को धन्यवाद देते हुआ कहा कि अब रायगढ़ क्षेत्र के श्रमिको को इस अस्पताल के द्वारा बेहतर चिकित्सा सुविधाए मिलेगी। उन्होंने माननीय केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री से इस अस्पताल को जल्द से जल्द निर्माण करवाने के लिए अनुरोध किया।

माननीय केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ने अपने वक्तवय में कहा कि 11 एकड़ के क्षेत्रफल मे विस्तृत इस 100 बिस्तर वाले अस्पताल के निर्माण पर 80 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान है| निर्माण के बाद, इस अस्पताल मे बीमित व्यक्तियों को आपातकालीन, ओ पी डी, वार्ड, लैबोरेटरी, आईसीयू, एनआईसीयू , ऑपरेशन थियेटर, मातृत्व सेवाए, आयुर्वेदिक इकाई इत्यादि आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। कर्मचारी राज्य बीमा निगम, कर्मचारियों के कल्याण के लिए दृढ़ संकलिप्त है। 100 बिस्तरों वाला यह अस्पताल ई एस आई योजना के लाभार्थियों के लिए एक सुखद पहल होगी। यह अस्पताल रायगढ़ और आस-पास के इलाक़ो के ई एस आई योजना के बीमित लोगो और उनके परिवारों के सदस्यो की स्वास्थ्य देखभाल की दिशा मे एक अहम कदम साबित होगा। उन्होंने इस अस्पताल के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी सूचित किया कि देश के विभिन्न क्षेत्रो में 17 नए ई एस आई अस्पतालो का निर्माण किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम देश के अन्दर सक्रिय रूप से सही दिशा में कार्य कर रही है। ई एस योजना अब देश के प्रत्येक जिले में लागू की जा रही है। अब तक यह योजना 503 जिलो में लागू की जा चुकी है। पूरे देश मे 8.98 लाख कारखानों एवं प्रतिष्ठानों मे ई एस आई योजना लागू हैं, जिससे कामगारो के लगभग 3.19 करोड़ परिवार एकको के हितलाभ मिल रहे हैं। परिणामस्वरूप ई एस आई योजना के कुल लाभार्थियों की संख्या 12.40 करोड़ से अधिक हो गई है। सन 1952 मे अपनी शुरुआत से, क रा बी निगम अब तक 154 अस्पतालों, 1489/174 औषधालयों/आईएसएम एकको, 815 शाखा/भुगतान कार्यालयों एवं 63 क्षेत्रीय/उप क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना कर चुका है।

श्री विष्णु देव साय, माननीय इस्पात राज्य मंत्री, भारत सरकार एवं श्री भैयालाल राजवाड़े, माननीय श्रम, खेल एवं युवा कल्याण और जन शिकायत निवारण मंत्री, छत्तीसगढ़ सरकार ने अस्पताल के शिलान्यास के अवसर पर रायगढ़ क्षेत्र के श्रमिको को बधाई दी तथा इसके निर्माण कार्य के शुभारंभ के लिए माननीय मुख्यमंत्री, माननीय श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार एवं क. रा. बीमा निगम के अधिकारियो को धन्यवाद दिया। वर्तमान मे छत्तीसगढ़ राज्य मे 100 बिस्तर वाले 04 क.रा.बी. अस्पतालों, रायपुर, भिलाई, कोरबा तथा रायगढ़ का निर्माण स्वीकृत किया गया है। छत्तीसगढ़ मे, बीमितों एवं उनके परिवारों को प्राथमिक, दिवतीयक एवं अति विशिष्ट चिकित्सा उपचार के लिए 35 निजी अस्पतालों से टाई – उप किया गया है।

भारत मे कर्मचारी राज्य बीमा योजना

कर्मचारी राज्य बीमा निगम कर्मचारियों को रोजगार के दौरान लगी चोट, बीमारी, मृत्यु, निशक्तता आदि जैसे हालातो मे नगद हितलाभ तथा उचित चिकत्सा सुविधा जैसी व्यापक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाला एक अग्रणी सामाजिक सुरक्षा संगठन हैं। क रा बी योजना उन कारखानों एवं प्रतिष्ठानों मे लागू हैं, जहाँ 10 या उससे अधिक व्यक्ति नियोजित हैं। उपयुक्त श्रेणियों के कारखानों एवं प्रतिष्ठानों के कर्मचारी जो रु 21,000/- तक प्रतिमाह वेतन प्राप्त कर रहे हैं, वे क रा बी अधिनियम के अंतर्गत स्वास्थय बीमा व्यापति एवं अन्य हितलाभ पाने के हकदार हैं।

इस सुअवसर पर श्रीमती सुनीति सत्यानन्द राठिया, माननीय संसदीय सचिव, छत्तीसगढ़, श्री रोशन लाल अग्रवाल, माननीय विधायक, रायगढ़, श्री केराबाई मनहर, माननीय विधायक, सारगढ़, श्री पुरुषोत्तम अजेश अग्रवाल, माननीय अध्यक्ष, ज़िला पंचायत, रायगढ़, सुश्री मधुबाई, माननीया महापौर, नगर पालिका निगम, रायगढ़, श्री नरेश पटेल, माननीय उपाध्यक्ष, ज़िला पंचायत, रायगढ़, श्री रामकुमार भगत, अध्यक्ष, जनपद पंचायत, रायगढ़ खंड, श्रीमती गीता पटेल, सरपंच, ग्राम पंचायत, परसदा, रायगढ़, श्री अरुण कुमार, बीमा आयुक्त, ई एस आई सी, डॉ आर के कटारिया, चिकित्सा आयुक्त, ई एस आई सी, तथा अन्य विशिष्ट अथितिगन भी उपस्थित थे।